दिनांक–09.06.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- केन्द्र में सरकार का गठन आज, नरेंद्र मोदी तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ।
- मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश में चल रहे जल गंगा अभियान के अंतरगत देवास और शाजापुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- विश्व अभिलेख दिवस पर भोपाल में आज से शुरू होगी, राज्य स्तरीय प्रदर्शनी
- टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान को मुकाबला आज।

**प्रधानमंत्री-शपथ ग्रहण**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण समारोह शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा। श्री मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। श्री मोदी ने कहा कि लोगों ने एनडीए सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन और युवा ऊर्जा का स्रोत है। उनकी सरकार, देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। नामित प्रधान मंत्री ने कहा कि स्थिर सरकार भारत और इसकी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ युवाओं के लिए लाभदायक साबित होगी। उन्होंने देश को भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार देश का तेज गति से विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

**सूचना**

मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के कारण आज शाम के प्रादेशिक समाचार 7 बजकर 10 मिनट के स्थान पर शाम साढ़े 6 बजे से 6 बजकर 40 बजे के बीच प्रसारित होंगे।

## जल-गंगा अभियान

प्रदेश में जल-गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान गंगा दशहरा तक संचालित किया जाएगा जिसमें प्रदेश के सभी ज़िलों में नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों सहित जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। 5 जून को अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आम नागरिकों से इस अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री आज देवास जिले के नेमावर और शाजापुर जिले के शुजालपुर में "जल-गंगा संवर्धन" अभियान के कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश के सभी 55 ज़िलों में जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्वयं सेवी संस्थाओं तथा जन समुदाय द्वारा वृक्षारोपण, जल स्त्रोतों की साफ़ सफ़ाई हेतु श्रमदान, जल सम्मेलन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल-गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मानस यात्रा में कल रायसेन जिले के ग्राम अमरावद से निकलने वाली रीछन नदी के उद्गम स्थल पहुंचकर नागरिकों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

## फिल्म फेस्टिवल

जनसम्पर्क मध्यप्रदेश के उपक्रम मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म “अजय ध्वजा“ 18वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल 2024 मिफ में दिखाई जाएगी। विश्व के चुनिंदा फिल्म फेस्टिवल्स में शामिल मिफ का शुभारंभ 15 जून को शाम 5 बजे मुंबई के नेशनल परफोर्मिंग आर्ट्स सेंटर में होगा। फिल्म अजय ध्वजा का चयन “भारत अमृत काल में“ केटेगरी में किया गया है। फिल्म में भारत देश के राष्ट्रीय ध्वज की गौरवगाथा और इतिहास का विस्तार से संगीतमय चित्रण किया गया है। सात दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल में फिल्म जगत से जुड़ी नामी हस्तियां शिरकत करेंगी। विभिन्न केटेगरी में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की कई फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही यहां पर उभरते हुए फिल्म मेकर्स के लिए वर्कशॉप, मास्टर क्लासेस और पेनल डिस्कशन होगा।

## विश्व अभिलेख दिवस

विश्व अभिलेख दिवस के अवसर पर **आज** से मध्यप्रदेश की अभिलेखीय विरासत पर आधारित दुर्लभ अभिलेखों एवं छायाचित्रों की प्रदर्शनी “इतिहास के पन्ने” का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय में आयोजित यह प्रदर्शनी 15 जून तक रहेगी। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश की भूतपूर्व रियासतों की

झलक, तत्कालीन राजनैतिक घटनाओं, प्रशासनिक निर्णयों तथा अन्य विषयों से संबंधित ऐतिहासिक दस्तावेजों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश की विभिन्न रियासतों के शासकों के छायाचित्र, मानचित्र, प्रतिक चिन्ह एवं वंशावली इत्यादि भी प्रदर्शित किये जा रहे है। आम जनता द्वारा प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क देखी जा सकेगी।

**दुर्घटना**

रीवा के चोरहटा बाईपास पर कल हादसे में पांच लोगों की मृत्यु हो गई। शाम करीब चार बजे चोरहटा से रतहरा की तरफ जा रहा ट्रक दुवारी गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर के बाद दोनो ही ट्रकों में आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगो ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नही पाया जा सका। स्थानीय लोगो ने बताया की एक ट्रक में करीब 4 से 5 लोग सवार थे और दुसरे ट्रक में सिर्फ चालक था हादसे के बाद एक युवक ट्रक से कूंदकर भाग निकला और अपनी जान बचाई। कड़ी मशक्कत करने के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।  ट्रक में सवार सभी लोग बुरी तरह से आग में झुलस चुके थे।

**टी20 क्रिकेट**

आईसीसी पुरुष टी20 विश्‍व कप क्रिकेट में आज रात टीम इंडिया अपने दूसरे ग्रुप ए मैच में न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। मैच भारतीय समयानुसार रात 8:00 बजे शुरू होगा। कल बारबाडोस में ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 36 रनों से हरा दिया। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने निर्धारित बीस ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए जोस बटलर ने सबसे अधिक 42 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए, एडम ज़म्पा और पैट कमिंस ने दो-दो विकेट झटके, जबकि जोश हेज़लवुड और मार्कस स्टोइनिस ने एक-एक विकेट लिया। एडम ज़म्पा को प्लेयर ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वार्नर ने सबे अधिक 39 रन बनाए। इससे पहले, एक अन्य मैच में, दक्षिण अफ्रीका ने नीदरलैंड को चार विकेट से हराया।

**निशानेबाजी**

राज्य शूटिंग अकादमी ग्राम गौरा भोपाल में चल रही 22वीं सुरेन्द्र सिंह मैमोरियल शूटिंग चौम्पियनशिप में कल प्रदेश की निशानेबाजों ने एक रजत और दो कांस्य सहित चार पदक जीते हैं। 50 मी. रायफल प्रोनवूमेन में नूपुर कुमरावत ने रजत और सुनिधि चौहान ने कांस्य पदक जीता। इसी स्पर्धा के टीम वर्ग में नुपुर कुमरावत सुनिधि चौहान और सौम्या रघुवंशी ने कांस्य पदक हासिल किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी परिसर ग्राम गौरा में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश भर के लगभग 4000 खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में रायफल और पिस्टल के मुकाबले खेले जा रहे है।

समाचार संक्षेप में .....

भोपाल में आगामी बाढ़ के मौसम को देखते हुए आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशासनिक बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई।

- आगरमालवा विधायक मधु गेहलोत ने जनप्रतिनिधियों से जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन अभियान अंतर्गत जिले के जल स्रोत नदी, तालाब, पोखर, बावड़ी के गहरीकरण एवं मरम्मत के कार्य में सहभागी बनने की अपील की है। वहीं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु जारी मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया।
- छिन्दवाड़ा जिले में विपणन वर्ष 2024-25 में ग्रीष्मकालीन फसल मूँग एवं उड़द की खरीदी के  लिए 18 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है।
- जल गंगा संवर्धन'' अभियान के तहत श्योपुर जिले में सबसे बडे आवदा तालाब की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं जमा सिल्ट हटाने के कार्य की शुरूआत  की गई।
- डिंडोरी में जिला स्तरीय रोजगार दिवस के तहत रोजगार मेला "परवाज" का आयोजन किया गया। आयोजित मेला में 58 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया।
- शाजापुर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के हर्षित पाटीदार, दिशा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, निकिता मालवीय, दिशा सोनी, दीक्षा सोनी तथा केशव शर्मा का उच्च शिक्षा विभाग की इंस्पायर स्कॉलरशिप के लिए चयन हुआ है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- केन्द्र में सरकार का गठन आज, नरेंद्र मोदी तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ।
- मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश में चल रहे जल गंगा अभियान के अंतरगत देवास और शाजापुर जिले में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- विश्व अभिलेख दिवस पर भोपाल में आज से शुरू होगी, राज्य स्तरीय प्रदर्शनी
- टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान को मुकाबला आज।

________________________